प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 बुधवार दिनांक 31.12.2025

मुख्य समाचारः–

- रायपुर जिले में तेईस जनवरी से लागू होगी पुलिस कमिश्नर प्रणाली–मंत्रिपरिषद ने लिया निर्णय।

- आरएसएस प्रमुख सर संघचालक मोहन भागवत आज एम्स रायपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए–अभनपुर के सोनपैरी गांव में आयोजित हिन्दू सम्मेलन को भी किया संबोधित।

- सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की घोषणा की।
- स्वदेश दर्शन योजना के तहत कल भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन किया जाएगा।

मंत्रिपरिषद निर्णय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय में राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों से पचपन सौ रुपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदने का निर्णय लिया है। मंत्रिपरिषद ने इसके लिए ऋण लेने राज्य शासन की गारंटी देने की अनुमति दी है।

एक अन्य फैसले में मंत्रिपरिषद ने उसना चावल की मिलिंग पर प्रोत्साहन राशि बीस रूपये प्रति क्विंटल से बढ़ाकर चालीस रूपये कर दिया ळें

मंत्रिपरिषद ने रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में बीस जनवरी से पांच फरवरी तक आयोजित नौवें ऑटो एक्सपो के दौरान बिकने वाले वाहनों पर लाइफ टाइम रोड टैक्स में पचास प्रतिशत छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। बैठक में प्रदेश में राइस मिलर्स द्वारा दी जाने वाली बैंक गारंटी पर दिए जाने वाले स्टाम्प शुल्क को घटाकर दशमलव शून्य–पांच प्रतिशत कर दिया गया है। श्री साव ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने रायपुर जिले में पुलिस आयुक्त प्रणाली को तेईस जनवरी से लागू करने का निर्णय लिया है।

आरएसएस प्रमुख–युवा संवाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ–आरएसएस के प्रमुख और सर संघचालक डॉक्टर मोहन भागवत आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रोजगार और करियर के साथ पर्यावरण की जिम्मेदारी भी समझें। डॉक्टर भागवत ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को गंभीर चिंता का विषय बताया।

इसके बाद डॉक्टर भागवत अभनपुर के पास सोनपैरी गांव में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कार्य करते हुए सौ साल पूरे हो गए हैं, इसीलिए पूरे देश में हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत असंग देव जी थे।

वहीं, कल एक जनवरी को डॉक्टर भागवत सामाजिक सद्भावना बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में विभिन्न समाजों के प्रदेश प्रमुखों को आमंत्रित किया गया है।

## पंचायती राज संस्था–राशि

केंद्र सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष के लिए छत्तीसगढ़ में पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों को पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत दो सौ चौबीस करोड़ संतावन लाख रूपये से अधिक की अनुदान राशि की पहली किस्त जारी कर दी है। यह अनुदान राज्य की ग्यारह हजार दो सौ उनयासी पात्र ग्राम पंचायतों, एक सौ अड़तीस जनपद पंचायतों और छब्बीस जिला पंचायतों के लिए जारी किया गया है।

केंद्र सरकार में पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा राज्यों को पंचायती राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुदान जारी करने की सिफारिश की जाती है। इसके बाद वित्त मंत्रालय द्वारा यह राशि जारी की जाती है। वित्तीय वर्ष में यह अनुदान दो किस्तों में जारी किया जाता है।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान–"पीएम जनमन" के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर से संतावन मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों से प्रदेश के अट्ठारह जिलों के इक्कीस सौ से अधिक गांवों और बसाहटों तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए अब इलाज और जांच की सुविधा गांव में ही उपलब्ध होगी।

## भोरमदेव कॉरिडोर–भूमिपूजन

स्वदेश दर्शन योजना के तहत कल एक जनवरी को भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन किया जाएगा। लगभग एक सौ छियालीस करोड़ रूपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना का भूमिपूजन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।

पर्यटन कॉरिडोर के निर्माण से यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं, सड़क, पार्किंग, व्यू प्वाइंट, पर्यटक सुविधा केंद्र, सौंदर्यीकरण और अन्य बुनियादी सुविधाओं में भी इजाफा होगा।

## सीबीएसई परीक्षा–तिथि संशोधन

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की घोषणा की है। सीबीएसई के अनुसार कक्षा दसवीं की परीक्षा जो पहले तीन मार्च को निर्धारित थी, वह अब ग्यारह मार्च को आयोजित की जाएगी। वहीं, कक्षा बारहवीं की परीक्षा तीन मार्च के स्थान पर अब दस अप्रैल को होगी। बोर्ड ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से तिथियों में बदलाव किया गया है।

## हाईकोर्ट–लंबित प्रकरण

वर्ष दो हजार पच्चीस में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की संख्या में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के नेतृत्व में न्यायिक कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, संवेदनशील और समयबद्ध बनाने की दिशा में लगातार और समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। इनका परिणाम भी नजर आने लगा है। एक जनवरी दो हजार पच्चीस को उच्च न्यायालय में चौरासी हजार तीन सौ से अधिक प्रकरण लंबित थे। लेकिन, वर्ष के अंत में इनकी संख्या में लगभग दस प्रतिशत की उल्लेखनीय गिरावट आई है।

## विशेष कार्यक्रम

श्रोताओं, भारत ने वर्ष दो हजार पच्चीस में ऐसी सांस्कृतिक ऊर्जा के साथ प्रवेश किया, जो पिछले एक दशक से लगातार मजबूत हो रही थी। लेकिन, इस वर्ष जिस आत्मविश्वास और व्यापक स्तर पर भारत ने अपनी सभ्यतागत् पहचान को दुनिया के सामने रखा, उसने सभी को चकित कर दिया।

पवित्र स्थलों की मान्यता से लेकर वैश्विक संस्थाओं द्वारा भारतीय परंपराओं को स्वीकार किए जाने तक वर्ष दो हजार पच्चीस वह साल बन गया, जब संस्कृति हाशिये से निकलकर राष्ट्रीय पहचान के केन्द्र में आ गई।

छत्तीसगढ़ राज्य साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने कहा कि इस वर्ष प्रयागराज में महाकुंभ, अयोध्या में ध्वज अनुष्ठान और दीपावली को यूनेस्को द्वारा अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर का दर्जा मिलना ऐतिहासिक कदम है।

श्रोताओं, इस पूरी बातचीत को आकाशवाणी रायपुर द्वारा आज रात नौ बजकर पंद्रह मिनट से नौ बजकर तीस मिनट तक प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे।

सीआरपीएफ भर्ती–परिणाम

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ ने सुकमा और बीजापुर जिले के लिए तीन सौ पदों पर आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणाम आज घोषित कर दिए हैं। इनमें दो सौ पचपन पद पुरुष और पैंतालीस पद महिला उम्मीदवारों के लिए निर्धारित किए गए थे।

सीआरपीएफ के डीआईजी एस.पी. सिंह ने बताया कि यह भर्ती परीक्षा आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार का एक अच्छा अवसर साबित हुई है।

गौरतलब है कि सीआरपीएफ की यह भर्ती प्रक्रिया छह अक्टूबर से शुरू हुई थी, जो चौदह नवंबर तक चली। वहीं, शारीरिक परीक्षण इक्कीस अक्टूबर से छह नवंबर तक आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह

सड़क सुरक्षा की गंभीरता, चुनौतियों और नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सहित देशभर में कल एक जनवरी से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाएगा। इकतीस जनवरी तक चलने वाले सड़क सुरक्षा माह के दौरान राज्य के सभी जिलों में सड़क सुरक्षा को लेकर जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कल शाम रायपुर में उच्चतम न्यायालय की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे की उपस्थिति में हेलमेट और बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।

माओवादी सामग्री–बरामद

सुकमा जिले के उरसांगल कैम्प स्थित गोंदपल्ली के जंगल से सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार और भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की है। इनमें एक रायफल, तीन भरमार बंदूक, एक बारह बोर की बंदूक और करीब चार सौ कारतूस तथा मैग्जीन शामिल हैं।

संक्षिप्त समाचार

- केन्द्र सरकार ने सौ मिलीग्राम से अधिक निमेसुलाइड युक्त सभी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर प्रतिबंध लगा दिया है। निमेसुलाइड एक नॉन स्टेरॉइडल सूजनरोधी दवा है। इसका उपयोग तीव्र दर्द के उपचार में किया जाता है।
- राज्य पुलिस सेवा के सोलह अधिकारियों को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है।